ओर जेल परिसर मे साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

रोड पर चर्चा करते हुए कहा कि

फेज 3 प्रस्तावों का अनुमोदन

वितरण भी किया गया।

केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों प्रधानमंत्री को लिखा पोस्ट कार्ड

अलवर (का.सं.) केन्द्रीय विद्यालय नं.1 अलवर में 8 दिसंबर 2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में कक्षा 6 वीं से 11 वीं तक के कुल 1268 विद्यार्थियों ने माई

विजन फॉर इण्डिया-2047 विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखे । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया । विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की रूपरेखा पत्रों के माध्यम से उजागर की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. लेख राम सैनी ने विद्यार्थियों के पत्र लेखन कार्य की सराहना करते हुए सपनों के भारत के निर्माण के लिए विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया तथा देश सेवा के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. लेख राम सैनी के निर्देशन में यह पत्र लेखन कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भारतीय डाक सेवा के अधिकारी आर.एल. बालोटिया, प्रवर अधीक्षक अलवर मंडल को विद्यार्थियों द्वारा लिखित पोस्ट कार्ड सुपुर्द किए ।